कार्यालय पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकःशिविरा/प्राशि/पविप/प्राशिपूप(8वीं)/परीक्षा का./2018/34 दिनांकः18.02.2019

प्रधानाचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त
राजस्थान

विषय –प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा 2019 हेतु गोपनीय सामग्री की सुरक्षा के सम्बन्ध में।

प्रसंगः– राज्य सरकार के पत्र क्रमांक प.17(30)प्राशि/2017 दिनांक 15.02.2019।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रसंगानुसार लेख है कि दिनांक 14.03.2019 से 27.03.2019 तक प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा, 2019 (कक्षा–8) राज्य के विभिन्न निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोज्य है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु दिशा निर्देश भी जारी किये जा चुके हैं। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा माध्यमिक/उच्च माध्यमिक परीक्षाओं के लिये प्रत्येक जिले में परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गए हैं। इन परीक्षा केन्द्रों पर माध्यमिक/उच्च माध्यमिक परीक्षाओं के साथ–साथ प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा–8) भी द्वितीय पारी में (02:00PM से 04:30PM) होनी है। राज्य सरकार के नीतिगत निर्णयानुसार प्रश्न–पत्र सुरक्षा एवं अन्य परीक्षा सम्बन्धी व्यवस्थाएँ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर की परीक्षाओं के समान ही सुनिश्चित की जानी है। जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.) मुख्यालय एवं प्रधानाचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान इस सम्बन्ध में नोडल अधिकारी होंगे।

राजस्थान के समस्त जिलों में माध्यमिक/उच्च माध्यमिक परीक्षा हेतु जारी निर्देशों के अनुरुप प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा, 2019 के सफल संचालन हेतु समस्त जिला कलेक्टर्स एवं जिला पुलिस अधीक्षकों को प्रश्न–पत्रों की सुरक्षा, वितरण तथा अन्य व्यवस्थाएँ करवाने हेतु प्रमुख शासन सचिव महोदय, प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के स्तर से निर्देश जारी कर दिये गये है। इस सम्बन्ध में शासन स्तर से जारी पत्र की प्रति भेज कर लेख है कि आप अपने जिले के कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक के कार्यालय स्तर से पत्र में उल्लेखित कार्यवाही को सुनिश्चित करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाऐं
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com

क्रमांकःशिविरा/प्राशि/पविप/प्राशिपूप(8वीं)/परीक्षा का./2018/34 दिनांकः18.02.2019

प्रतिलिपिः–

1. सचिव माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
2. जिला शिक्षा अधिकारी,(मुख्यालय) समस्त
3. रक्षित पत्रावली

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाऐं
राजस्थान, बीकानेर